BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:.................... **Date:..........................**

PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
COMPILED BY MEDIA CELL (12.12.2024)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 12.12.2024, PAGE-06

नये साल में विश्वविद्यालय में शिफ्ट होंगे तीन विभाग

- भोजपुरी, संगीत और समाजशास्त्र होंगे शिफ्ट
- फिलहाल कॉलेजों में चल रहे हैं विभाग

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में नये साल में तीन विभाग कॉलेजों से विवि में शिफ्ट किये जाएंगे। विवि प्रशासन इसकी तैयारी में जुट गया है। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने बताया कि इन विभागों में भोजपुरी, संगीत और समाजशास्त्र शामिल हैं। भोजपुरी विभाग अभी एलएस कॉलेज में, संगीत एमडीडीएम कॉलेज में और समाजशास्त्र नीतीश्वर कॉलेज में चल रहा है।

इन तीनों विभागों को विवि में लाने की मांग लंबे समय से चल रही है। इन तीनों विभागों के अलावा शिक्षाशास्त्र और लॉ का भी विभाग खोलने की तैयारी विवि प्रशासन कर रहा है। बीआरएबीयू में पूर्व कुलपति हनुमान प्रसाद पांडेय के समय भी भोजपुरी, समाजशास्त्र और संगीत को विवि में लाने की घोषणा की गई थी, लेकिन मामला घोषणा तक ही सीमित रह गया। भोजपुरी विभाग में इस साल पीजी में 18 छात्रों का दाखिला हुआ है।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 12.12.2024, PAGE-06

योग थ्योरी एंड थेरेपी पर सेमिनार आज से

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बिहार विश्वविद्यालय में गुरुवार से योग थ्योरी एंड थेरेपी विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होगा। आयोजन सचिव डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि इंडियन काउंसिल ऑफ फिलोसॉफिकल रिसर्च, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं विवि दर्शनशास्त्र विभाग के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन सुबह 10:30 बजे विश्वविद्यालय सीनेट हॉल में होगा।

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:.................... **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR DATE:12.12.2024 PAGE-06

पीजी दर्शनशास्त्र विभाग में राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: पीजी दर्शनशास्त्र विभाग में योग थ्योरी एंड थेरेपी पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत गुरुवार को होगी। आयोजन सचिव डा. राजेश्वर सिंह ने बताया कि इंडियन काउंसिल आफ फिलोसाफिकल रिसर्च, नई दिल्ली की ओर से प्रायोजित व विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग के तत्वावधान में योग थ्योरी एंड थेरेपी पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन सीनेट हाल में होगा। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. लक्ष्मी निवास पांडे होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. सच्चिदानंद सिंह होंगे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति डा. दिनेश चंद्र राय करेंगे।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR DATE : 12.12.2024, PAGE-04

14 तक विलंब शुल्क के साथ भर सकेंगे परीक्षा का फॉर्म

वोकेशनल कोर्स

- 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ भर सकेंगे फॉर्म

मुजफ्फरपुर. बीआरएबीयू ने विभिन्न वोकेशनल कोर्स की परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी है. वैसे छात्र-छात्राएं जो किसी कारण परीक्षा फॉर्म नहीं भर सके हों. वे 11 से 14 दिसंबर तक 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान की ओर से इस संबंध में नोटिस जारी किया गया है. कहा है कि विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर फॉर्म भरने के बाद उसका प्रिंट आउट व परीक्षा फी संबंधित कॉलेज या विभाग में जमा करना होगा. बता दें कि इन कोर्स की परीक्षाएं इसी महीने शुरू होने की उम्मीद है. जल्द ही इसके लिए एडमिट कार्ड जारी किया जायेगा.

इन कोर्स के लिए बढ़ी तिथि : बीबीए-बीसीए सत्र 2024-27 के प्रथम, सत्र 2023-26 के तृतीय व 2022-25 के पांचवें सेमेस्टर, पीजीडीवाइएस सत्र 2024-25 के प्रथम सेमेस्टर, एचजेएमसी सत्र 2024-25 के प्रथम सेमेस्टर, पीजीडीसीए सत्र 2024-25 के प्रथम सेमेस्टर, एमसीए सत्र 2024-25 के प्रथम, 2023-26 के तृतीय व सत्र 2022-25 के पांचवें सेमेस्टर, एमबीए सत्र 2024-26 के प्रथम, सत्र 2023-25 के तृतीय सेमेस्टर, सर्टिफिकेट इन रशियन के सत्र 2024-25 के प्रथम सेमेस्टर व पीजी डिप्लोमा इन रशियन सत्र 2024-26 के प्रथम व 2023-25 के तृतीय सेमेस्टर, बी.वोकेशनल आइटी, एकाउंट्स-टैक्स-योगा के सत्र 2019-22 के और 2020-23 के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा के लिए फॉर्म भरा जाना है.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यू आर को स्कैन कर लें.